भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3341
गुरूवार, 31 मार्च, 2022/10 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**देश में विदेशी पर्यटक**

**3341. श्री इरण्ण कडाडिः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास भारत यात्रा पर आने वाले विदेशी पर्यटकों और उनसे अर्जित विदेशी मुद्रा का कोई ब्यौरा है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान देश-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विदेशी पर्यटकों ने जिन पर्यटक स्थलों का सर्वाधिक दौरा किया उनका राज्य-वार ब्यौरा और किन-किन राज्यों ने अधिक संख्या में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया;

(घ) सरकार द्वारा भविष्य में वीजा उदारीकरण के माध्यम से देश में और अधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) 2022 तक प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 15 घरेलू पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रेरित करने के प्रधान मंत्री के लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) : वर्ष 2020 के दौरान विदेशी पर्यटक आगमनों पर वर्गीकृत 2018-2020 के दौरान शीर्ष 60 देशों के लिए भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) का देश-वार विवरण और भारत में पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय (एफईई) का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है । इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार देश-वार विदेशी मुद्रा आय (एफईई) के आंकड़े नहीं रखता है ।

(ग) : पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विदेशी पर्यटक दौरों (एफटीवी) पर गंतव्य -वार आंकड़ों का रखरखाव नहीं किया जाता है । तथापि, वर्ष 2020 हेतु एफटीवी पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की रैंकिंग **अनुबंध-II** में दी गई है ।

(घ) : पर्यटन मंत्रालय 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्द्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच)' और 'बाजार विकास सहायता सहित विदेशी संवर्द्धन एवं प्रचार' (ओपीएमडी) की अपनी चालू योजनाओं के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्द्धन करता है । इन योजनाओं के तहत, पर्यटन मंत्रालय देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय देश के भीतर घरेलू पर्यटन के संवर्द्धन तथा प्रचार के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाता है । इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों और उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, पूर्वोत्तर और जम्मू और कश्मीर जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के साथ-साथ आला पर्यटन उत्पादों पर फोकस के साथ देश के भीतर पर्यटन का संवर्द्धन करना, सामाजिक जागरूकता संदेशों का प्रसार करना और पर्यटन क्षमता वाले कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है ।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएंडएफडब्यू) के कोविड संबंधी दिशानिर्देशों के अधीन पर्यटन उद्देश्यों के लिए भारत आने वाले सभी विदेशी नागरिकों के लिए प्रतिबंध में ढील दी है । 15 नवंबर, 2021 से ई-पर्यटक वीजा/पर्यटक वीजा पूरी तरह से उन सभी एकल विदेशी नागरिकों के लिए बहाल कर दिया गया है जो पर्यटन उद्देश्यों के लिए भारत आने का इरादा रखते हैं । शुरू में ई-पर्यटक/पर्यटक वीजा 30 दिनों की वैधता के साथ जारी किया जा रहा है । गृह मंत्रालय ने आगे दीर्घ अवधि पर्यटक वीज़ा (ई-पर्यटक वीजा और सामान्य (कागज़ी) पर्यटक वीज़ा) में भी 15 मार्च, 2022 से छूट और बहाली की है। इसके अलावा, भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए पहले 500,000 मुफ्त वीजा की घोषणा की है ।

(ड.) : पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के संबंध में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने, नागरिकों को देश के भीतर व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने और पर्यटक आगमन में वृद्धि करने के उद्देश्य से जनवरी 2020 में देखो अपना देश (डीएडी) पहल आरंभ की है ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था का विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन संभव हो सके । यह पहल दिनांक 15 अगस्त, 2019 को माननीय प्रधानमंत्री महोदय के भाषण में देश के प्रत्येक नागरिक से वर्ष 2022 तक देश के कम से कम 15 गंतव्यों की यात्रा के अनुरोध के अनुसरण में है ।

इस पहल के तहत मंत्रालय डीएडी के समग्र थीम के तहत वेबिनारों/आयोजनों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है, जिसमें देश की विविधतापूर्ण संस्कृति, विरासत, गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित किया जायेगा । अब तक इस पहल के एक भाग के रूप में विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को कवर करते हुए 121 वेबीनारो का आयोजन किया जा चुका है ।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा डीएडी बैनर के तहत आयोजित किये गए कुछ प्रमुख कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

- कश्मीर की पर्यटन क्षमता का दोहन: 11 से 13 अप्रैल, 2021 तक श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर में स्वर्ग में एक और दिन
- लद्दाख: लेह, लद्दाख में 26-28 अगस्त, 2021 तक न्यू स्टार्ट न्यू गोल्स
- बोधगया और वाराणसी में 4 से 8 अक्टूबर 2021 तक बौद्ध सर्किट ट्रेन एफएएम टूर और सम्मेलन
- कोहिमा, नागालैंड में 27 से 29 नवंबर 2021 तक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट

व्यापक स्तर पर जागरूकता पैदा करने के लिए मंत्रालय ने MyGov.in प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन डीएडी शपथ तथा प्रश्नोत्तरी भी लॉन्च की है । इस ऑनलाइन शपथ तथा क्विज प्रश्नोत्तरी में सभी भाग ले सकते हैं । इस डीएडी पहल का मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट तथा वेबसाइट पर और घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा व्यापक संवर्धन किया जा रहा है ।

*****

**अनुबंध –I**

देश में विदेशी पर्यटक के संबंध में दिनांक 31.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3341 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

**2018 से 2021 के दौरान शीर्ष 60 देशों का राष्ट्रीयता-वार एफटीए जिसे 2020 के दौरान एफटीए पर क्रमबद्ध किया गया**

| **क्र. सं.** | **राष्ट्रीयता** | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बांग्लादेश | 2256675 | 2577727 | 549273 |
| 2 | संयुक्त राज्य | 1456678 | 1512031 | 394092 |
| 3 | यूनाइटेड किंगडम | 1029757 | 1000293 | 291874 |
| 4 | कनाडा | 351040 | 351859 | 122868 |
| 5 | रुसी परिसंघ | 262309 | 251319 | 102166 |
| 6 | आस्ट्रेलिया | 346486 | 367241 | 86758 |
| 7 | फ्रांस | 261653 | 247238 | 74243 |
| 8 | जर्मनी | 274087 | 264973 | 72558 |
| 9 | मलेशिया | 319172 | 334579 | 69897 |
| 10 | श्रीलंका | 353684 | 330861 | 68646 |
| 11 | थाईलैंड | 166293 | 169956 | 52626 |
| 12 | जापान | 236236 | 238903 | 48191 |
| 13 | अफगानिस्तान | 153905 | 124120 | 47561 |
| 14 | नेपाल | 174096 | 164040 | 40822 |
| 15 | चीन | 281768 | 339442 | 39586 |
| 16 | म्यांमार (बर्मा) | 75773 | 86842 | 35291 |
| 17 | सिंगापुर | 183581 | 190089 | 33747 |
| 18 | कोरिया गणराज्य | 150536 | 149445 | 32302 |
| 19 | इटली | 126931 | 128572 | 31186 |
| 20 | पुर्तगाल | 74492 | 74743 | 31005 |
| 21 | नीदरलैंड | 81615 | 80313 | 26258 |
| 22 | इराक | 68462 | 61907 | 17823 |
| 23 | इजरायल | 67366 | 73137 | 17444 |
| 24 | न्यूजीलैंड | 60664 | 65551 | 16653 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 | स्पेन | 84356 | 83322 | 16335 |
| 26 | फिलीपीन्स | 53473 | 56393 | 16052 |
| 27 | ओमान | 95160 | 74564 | 15430 |
| 28 | मालदीव | 62337 | 78587 | 14536 |
| 29 | पाकिस्तान | 41659 | 39018 | 14232 |
| 30 | कीनिया | 48845 | 48639 | 12779 |
| 31 | स्विटजरलैंड | 49322 | 46826 | 12675 |
| 32 | दक्षिण अफ्रीका | 58613 | 57274 | 12561 |
| 33 | पोलैंड | 31555 | 33687 | 12161 |
| 34 | स्वीडन | 46743 | 42318 | 11992 |
| 35 | इंडोनेशिया | 46867 | 50177 | 11795 |
| 36 | मॉरीशस | 42096 | 46814 | 11410 |
| 37 | बेल्जियम | 44086 | 39263 | 11022 |
| 38 | तुर्की | 33825 | 35113 | 10853 |
| 39 | यूक्रेन | 26260 | 29468 | 10619 |
| 40 | सऊदी अरब | 47546 | 48526 | 10423 |
| 41 | आयरलैंड | 39276 | 41183 | 9708 |
| 42 | आस्ट्रिया | 33200 | 32332 | 9182 |
| 43 | सूडान | 34712 | 34003 | 9114 |
| 44 | ताइवान | 49457 | 48195 | 8969 |
| 45 | वियतनाम | 31427 | 33636 | 8828 |
| 46 | डेनमार्क | 28195 | 26492 | 8252 |
| 47 | ब्राजील | 26579 | 25422 | 8092 |
| 48 | भूटान | 26470 | 28178 | 7901 |
| 49 | उज़्बेकिस्तान | 21686 | 25339 | 7420 |
| 50 | संयुक्त अरब अमीरात | 59971 | 55415 | 7387 |
| 51 | इथियोपिया | 24277 | 26129 | 7201 |
| 52 | ईरान | 35596 | 33288 | 7090 |
| 53 | संयुक्त तंजानिया गणराज्य | 23443 | 23774 | 6501 |
| 54 | नॉर्वे | 22631 | 21898 | 6224 |
| 55 | कज़ाकिस्तान | 13314 | 15709 | 5918 |
| 56 | यमन | 21674 | 26065 | 5882 |
| 57 | मिस्र | 20486 | 21538 | 4886 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 58 | मैक्सिको | 19909 | 20766 | 4580 |
| 59 | फिनलैंड | 21239 | 18945 | 4310 |
| 60 | अर्जेंटीना | 16345 | 12844 | 4294 |

**स्रोत : अप्रवासन ब्यूरो, भारत सरकार ।**

**2018-2020 के दौरान भारत में पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय (एफईई)**

| **वर्ष** | **पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय** (**करोड़ रु. में**) |
|---|---|
| 2018#[2] | 194881 |
| 2019#[2] | 211661 |
| 2020#[2] | 50136 |

#2 संशोधित अनुमान

*****

**अनुबंध –II**

देश में विदेशी पर्यटक के संबंध में दिनांक 31.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3341 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2020 के दौरान विदेशी पर्यटक दौरों (एफटीवी) के आधार पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की रैंकिंग**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | एफटीवी 2020 | रैंक |
|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र# | 1262409 | 1 |
| 2 | तमिलनाडु | 1228323 | 2 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 890932 | 3 |
| 4 | दिल्ली# | 681230 | 4 |
| 5 | पश्चिम बंगाल | 463285 | 5 |
| 6 | राजस्थान | 446457 | 6 |
| 7 | पंजाब | 359114 | 7 |
| 8 | केरल | 340755 | 8 |
| 9 | बिहार | 308080 | 9 |
| 10 | गोवा | 302751 | 10 |
| 11 | गुजरात | 210047 | 11 |
| 12 | कर्नाटक | 165325 | 12 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 99819 | 13 |
| 14 | पुदुचेरी | 92080 | 14 |
| 15 | आंध्र प्रदेश | 67591 | 15 |
| 16 | तेलंगाना | 46694 | 16 |
| 17 | हिमाचल प्रदेश | 42665 | 17 |
| 18 | उत्तराखण्ड | 41339 | 18 |
| 19 | त्रिपुरा | 31877 | 19 |
| 20 | सिक्किम | 19935 | 20 |
| 21 | हरियाणा | 17474 | 21 |
| 22 | चंडीगढ़ | 12218 | 22 |
| 23 | ओडिशा | 10206 | 23 |
| 24 | असम | 7285 | 24 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 | अंडमान एवं निकोबाद द्वीप समूह | 5412 | 25 |
| 26 | जम्मू एवं कश्मीर | 5317 | 26 |
| 27 | मणिपुर | 3139 | 27 |
| 28 | छत्तीसगढ़ | 2322 | 28 |
| 29 | मेघालय | 2311 | 29 |
| 30 | दमन एवं दीव | 1382 | 30 |
| 31 | लद्दाख | 1126 | 31 |
| 32 | अरुणाचल प्रदेश | 961 | 32 |
| 33 | नागालैंड | 518 | 33 |
| 34 | झारखण्ड | 490 | 34 |
| 35 | लक्षद्वीप | 413 | 35 |
| 36 | मिजोरम | 265 | 36 |
| 37 | दादर एवं नगर हवेली | 222 | 37 |
| | **कुल** | **7171769** | |

स्रोत : राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग ।

# वर्ष 2019 के आंकड़ों पर 2020/2019 के लिए अखिल भारतीय वृद्धि दर को लागू करके वर्ष 2020 के आंकड़ों का अनुमान लगाया गया है ।

*****